**<u>कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।</u>**

# <u>प्रेस नोट</u>

**<u>दिनांक- 30-09-2025</u>**

**विषय:- <u>'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के अंतर्गत छात्रा ने संभाला थाना लंका के प्रभारी निरीक्षक का पदभार।</u>**

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत थाना लंका पुलिस ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की एक अनूठी पहल की है। सनबीम कॉलेज फार वूमेन, लंका वाराणसी की छात्रा अनन्या चित्रांश को एक दिन के लिए लंका थाने का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया। मंगलवार को वाराणसी में एक अनूठा और प्रेरणादायी दृश्य देखने को मिला **जब एक छात्रा अनन्या चित्रांश ने एक दिन के लिए थाना लंका के प्रभारी निरीक्षक का पदभार संभाला।** प्रभारी निरीक्षक श्री राजकुमार ने छात्रा का मार्गदर्शन किया। छात्रा ने थाना परिसर का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने केस फाइलिंग, एफआईआर प्रक्रिया, महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली और सुरक्षा प्रबंधन जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को करीब से समझा। साथ ही, महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1098 (बाल सहायता), 1930 (साइबर हेल्पलाइन), एवं 181 (महिला हेल्पलाइन) आदि की जानकारी भी लिया। छात्रा द्वारा प्रभारी निरीक्षक के मार्गदर्शन में कुछ मामलों का निस्तारण भी किया गया।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**